Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Singh Shri Lakshman

>

Title : Regarding need to clear the proposals of the Government of Madhya Pradesh for maintenance of National Highway No. 3 between 410 and 418 Kms.

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : महोदय, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग राट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र सतपुड़ा भवन भोपाल द्वारा उनके पत्र क्र0 2279/एन.एच./आर/2005/1043 दिनांक 10.11.2005 द्वारा राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3 के किलोमीटर क्रमांक 410 से 416, 439, 440, 441, 461, 475 एवं 478 कुल 13 किलोमीटर्स के मजबूतीकरण का प्राक्कलन भेजा गया है। यहां उल्लेखनीय है कि किलोमीटर 410 से 418 का हिस्सा ब्यावरा से गुना जाते हुए व्यावरा एवं छोडापछाड के बीच स्थित है, जो कि बहुत ही जर्जर स्थिति में है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शो अन्य किलोमीटर व्यावरा एवं सारंगपुर के बीच स्थित है यह भी काफी खराब स्थिति में है। चूंकि ब्यावरा से छोडापछाड तक इन किलोमीटर्स को छोड़कर शो अन्य किलोमीटर्स की स्वीकृति दी जा चुकी है।

अतः इस प्राक्कलन के स्वीकृत होने से पूरे मार्ग पर यातायात सुगमतापूर्वक चल सकेगा।